वर्ष 28 अंक 174
पृष्ठ 20
बरेली, सोमवार
6 मार्च 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 3.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

दैनिक जागरण

गंभीर अवस्था में मरीजों को बचाने के तरीके बताए

जासं, बरेली : भोजीपुरा स्थित श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में चल रहे बीएलएस व एसीएलएस प्रोवाईडर कोर्स के अंतिम दिन का आयोजन संस्थान के पल्मोनरी, एनेस्थिसिया व क्रिटिकल केयर विभाग ने किया। इस कोर्स में चिकित्सक, नर्सिंग व पैरामैडिकल स्टाफ को जीवन संरक्षक प्रणाली व हृदयघात की स्थिति में रोगी का जीवन बचाने की तकनीक सिखाई गई। मेदांता अस्पताल के डाक्टर विवेक व डा . शिनोथ जोंस के नेतृत्व में आई टीम ने नई जानकारियों से अवगत कराया। कोर्स के अंतिम दिन शनिवार को सौ से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और रोगी का जीवन बचाने की विभिन्न तकनीकों का अनुभव प्राप्त किया। शनिवार को प्रतिभागियों की लिखित व मौखिक परीक्षा हुई जिसमें सभी प्रतिभागियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। आयोजन के सचिव डा . ललित सिंह ने सभी का आभार जताते हुए तमाम नई जानकारियों को चिकित्सकों के लिए बहुत लाभदायक बताया।